समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

अब तक 108 शिविरों के माध्यम से 4060 लोगों की गई जांच एवं मुफ्त में इलाज

(11 दिसम्बर को 08 वार्डो में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट)

कोरबा 10 दिसम्बर 2020 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 11 दिसम्बर शुक्रवार को वार्ड क्र. 04, 15, 20, 25, 37, 50, 56, एवं 65 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 108 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 4060 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा

वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है। आज निगम क्षेत्र में 08 स्थानों पर मोबाईल मेडिकल यूनिट ने पहुंचकर शिविर लगाया तथा 337 मरीजों की जांच व इलाज किया गया, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 108 शिविरों के माध्यम से 4060 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया। मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी शिविर में उपस्थित रहते हैं, जो स्लम क्षेत्र में निवासरत लोगों का योजना के तहत पंजीयन कर रहे हैं। जांच एवं इलाज हेतु स्लम क्षेत्र में निवासरत श्रमिक जिनका संगठित एवं असंगठित कर्मकार के रूप में पंजीयन है, वे अपना श्रमिक कार्ड साथ में ला रहे हैं। जिनका पंजीयन नहीं है, ऐसे श्रमिक अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं एक फोटोग्राफ्स साथ में लाते हैं तथा उनका पात्रता अनुसार पंजीयन किया जाता है। परिवार में किसी एक सदस्य का पंजीयन होने के बाद परिवार के सभी सदस्य इसका लाभ ले सकेंगे एवं इलाज करा सकेंगे। एक बार पंजीयन होने के बाद दोबारा पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

शुक्रवार 11 दिसम्बर को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट– निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 दिसम्बर 2020 शुक्रवार को वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा इंदिरा नगर दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 15 ढोढ़ीपारा गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर कुंआभट्ठा, वार्ड क्र. 37 पाड़ीमार–2 दैहानपारा स्थित स्टेज, वार्ड क्र. 50 शक्तिनगर प्रेमनगर, वार्ड क्र. 56 डगनियाखार जेठूदफाई एवं वार्ड क्र. 65 कुदरीपारा में सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।

स्लम स्वास्थ्य योजना की कर रहे मुक्तकंठ से प्रशंसा – वार्डो में लगने वाले शिविरों में श्रमिक व गरीब वर्ग के लोग पहुंचकर जहां एक ओर मुफ्त में अपनी जांच व अपनी बीमारियों का इलाज करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस योजना की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं। वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार निवासी श्री चन्द्रप्रकाश ने बताया कि मैं भी अपनी जांच कराने शिविर में आया हॅू, यहां पर बस के अंदर बहुत अच्छी व्यवस्था है, मेरी मुफ्त में जांच डाक्टर द्वारा की गई है तथा दवाईयां भी निःशुल्क दी गई हैं। यह शासन की बहुत अच्छी योजना है, जिसमें हम गरीबों का निःशुल्क इलाज हो रहा है, पहले इन्ही बीमारियों की जांच व इलाज हेतु हम हजारों रूपये खर्च कर देते थे। उन्होने कहा कि हमारा फ्री में इलाज कराने के लिए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के प्रति हम हृदय से आभारी हैं, उन्हें दिल से धन्यवाद देते हैं।